Press Media Communication Report

BSNL Connecting India Faster

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	हिन्दुस्तान	Page No:	15
Place:	नई दिल्ली	Date:	29.10.2016

बीएसएनएल ने 730 दिनों की वैधता वाला प्लान उतारा

नई दिल्ली। सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने प्रीपेड मोबाइल ग्राहकों के लिए 136 रुपये में 730 दिन की वैधता वाला प्रमोशनल ऑफर फ्रीजम प्लान पेश किया है। बीएसएनएल ने शुक्रवार को यहां बताया कि यह ऑफर राष्ट्रीय स्तर पर पेश किया गया है। इसके तहत ग्राहकों को 30 दिनों तक सभी नेटवर्क पर लोकल या एसटीडी या रोमिंग में 25 पैसा प्रति मिनट में कॉल की सुविधा के साथ में एक जीबी डाटा मिलेगा। इस प्लान को स्पेशल कॉम्बो वाउचर से टॉप-अप करने पर मूल्य के बराबर टॉक वैल्यू मिलने के साथ डाटा मुफ्त प्राप्त होगा।